बड़े तालाब में देशभक्ति का भव्य नजारा 350 से ज्यादा नावों में लहराया तिरंगा

सच प्रतिनिधि || भोपाल

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल का ऐतिहासिक बड़ा तालाब आज देशभक्ति के अनोखे नजारे का गवाह बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर बोट क्लब से विशाल नौका तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस दौरान 350 से अधिक नावों पर एक साथ तिरंगा लहराता नजर आया। जल, थल और नभ तीनों दिशाओं में राष्ट्रभक्ति का रंग दिखाई दिया। आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आए चाटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी, मध्यप्रदेश के स्थानीय खिलाड़ी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आम

नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में 1000 से अधिक प्रतिभागी इस नौका तिरंगा यात्रा का हिस्सा बनें।

बड़ी झील की लहरों पर तिरंगे का दिखा अद्भुत नजारा- बड़े तालाब की लहरों के बीच सैकड़ों नावों के उतरने और उन पर सवार प्रतिभागियों के हाथों में तिरंगा थामे रहने से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में नजर आया। आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस पर नागरिकों में राष्ट्रीय गौरव, एकता और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना रहा।

चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था - कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस मौके पर सहकारिता, खेल एवं युवा नौका तिरंगा यात्रा में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के साथ देश के विभिन्न राज्यों से आए वाटर स्पोर्ट्स के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खेल मंत्री विश्वास सारंग ने शहरवासियों से बड़ी संख्या में बोट क्लब पहुंचकर इस भव्य आयोजन का हिस्सा बने। इस मौके पर जिला प्रशासन, खेल विभाग, पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ के अधिकारियों मौनूद रहें। नावों के संचालन, सुरक्षा मानकों, गोताखोरों की तैनाती, एसडीआरएफ जवानों की मुस्तैदी, यातायात नियंत्रण में की गई है।

देशभक्ति के रंग में रंगा भोपाल

लाल परेड मैदान में स्वाधीनता दिवस समारोह 15 अगस्त की फुल ड्रेस रिहर्सल

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के तहत भोपाल के लाल परेड मैदान में 15 अगस्त की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, परेड, मार्च-पास्ट और विभिन्न कार्यक्रमों का अभ्यास किया गया।

फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस बल, सुरक्षा टुकड़ियों और विभिन्न दलों ने पूरे अनुशासन के साथ परेड का अभ्यास किया। जवानों ने कदम से कदम मिलाकर मार्च-पास्ट किया। समारोह के दौरान होने वाली गतिविधियों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार दोहराया गया, ताकि स्वतंत्रता दिवस के दिन किसी तरह की कमी न रहे। लाल परेड मैदान में रिहर्सल के दौरान देशभक्ति का माहौल नजर आया। आयोजन से जुड़े अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और समारोह के दौरान यातायात, सुरक्षा, मंच व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

25 हजार की साइबर ठगी पर भी ई-जीरो एफआईआर, पांच हजार के करीब पहुंचे मामले

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

प्रदेश में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और पीड़ितो को तुरंत आर्थिक राहत दिलाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पुलिस ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पुलिस ने ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था का दायरा बढ़ाते हुए अब 25 हजार रुपये या उससे अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में भी ई-जीरो एफआईआर दर्ज करने की सुविधा शुरू कर दी है। इससे पहले यह व्यवस्था केवल 1 लाख रुपये या उससे अधिक की ठगी के मामलों तक ही सीमित थी। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 25 दिसंबर 2025 से लागू की गई इस पारदर्शी व्यवस्था के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। 25 दिसंबर 2025 से 31 जुलाई 2026 तक प्रदेश भर में कुल 4,888 ई-जीरो एफआईआर दर्ज की जा

चुकी हैं। इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने में झाबुआ, डिंडोरी, अशोकनगर, मऊगंज, सिवनी, राजगढ़, आगर-मालवा, बालाघाट, देवास, भोपाल ग्रामीण, मंडला, मैहर, बैतूल, अलीराजपुर, नर्मदापुरम, सीधी और खंडवा जिलों का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा है।

गोल्डन ऑवर में शिकायत है सबसे कारगर- साइबर अपराधों के मामलों में घटना के तुरंत बाद का समय यानी 'गोल्डन ऑवर' बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस समय सीमा के भीतर कार्रवाई होने से ठगी गई राशि को अपराधियों के खातों में ट्रांसफर होने से पहले ही होल्ड (फ्रीज) कराया जा सकता है।

नागरिकों के लिए जरूरी निर्देश- हेल्पलाइन नंबर: साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें।

ऑनलाइन पोर्टल: राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

त्वरित कार्रवाई: घटना के तुरंत बाद सूचना देने से पुलिस, बैंक और वित्तीय संस्थानों के समन्वय से पीड़ित की राशि वापस मिलने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। पुलिस प्रशासन का मानना है कि ई-जीरो एफआईआर के नए नियमों से छोटे-बड़े सभी स्तर के पीड़ितों को त्वरित कानूनी संरक्षण मिलेगा और साइबर अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने में मदद मिलेगी।

319 पदों की भर्ती आरक्षण रोस्टर में उलझी

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत खंड पंचायत अधिकारी, पंचायत समन्वय अधिकारी और डेटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर होने वाली भर्ती परीक्षा आरक्षण रोस्टर में उलझ गई है। कर्मचारी चयन मंडल द्वारा विज्ञापन जारी करने और परीक्षा का शेड्यूल घोषित करने के बाद पंचायत राज संचालनालय ने अब भर्ती परीक्षा निरस्त करने के लिए पत्र भेजा है। ईएसबी ने 5 अगस्त को समूह-02, उपसमूह-04 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 का विज्ञापन जारी किया था। इसके अगले दिन 6 अगस्त को परीक्षा का शेड्यूल जारी किया गया। इसमें पंचायत राज संचालनालय से संबंधित पदों पर सितंबर 2026 में भर्ती परीक्षा प्रस्तावित थी। भर्ती में पंचायत समन्वय अधिकारी के 311, खंड पंचायत अधिकारी के 5 और डेटा एंट्री ऑपरेटर (संविदा) के 3 पद शामिल थे। इसके अलावा पंचायत समन्वय अधिकारी के 54 बैकलॉग पदों का भी उल्लेख किया गया था।

पंचायत राज संचालनालय के संचालक छोटे सिंह ने ईएसबी के नियंत्रक को पत्र लिखकर भर्ती प्रक्रिया निरस्त करने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि इन पदों पर संयुक्त चयन परीक्षा के माध्यम से भर्ती के लिए प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन आरक्षण रोस्टर में हुई गलती के कारण प्रस्तावित भर्ती प्रक्रिया प्रभावित हो गई है।संचालनालय के अनुसार पदों का प्रस्ताव भेजे जाने के बाद आरक्षण रोस्टर में गलती सामने आई। ऐसे में पूर्व में प्रस्तावित पदों को वर्तमान संयुक्त भर्ती परीक्षा में शामिल रखना उचित नहीं है। इसलिए श्वस्क्रके संबंधित पदों को शून्य मानते हुए भर्ती सूचना निरस्त और डी-नोटिफाई करने का अनुरोध किया गया है। इसकी जानकारी शासन को भी भेजी गई है। अब संशोधित आरक्षण रोस्टर तैयार होने और विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन पदों को किस भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा, यह स्पष्ट होना बाकी है।

मामले में सामने आया है कि विभाग में बैकलॉग भर्ती के दौरान एससी और एसटी वर्ग के निर्धारित पदों से अधिक पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं। बताया गया कि एससी वर्ग में करीब 158 अधिक पदों पर भर्ती हो चुकी है, जबकि एसटी वर्ग में भी निर्धारित संख्या से अधिक नियुक्तियां हुई हैं। इसी आधार पर पंचायत राज संचालनालय ने भर्ती का प्रस्ताव तैयार किया था। लेकिन श्वस्क्रका विज्ञापन जारी होने के बाद एससी-एसटी वर्ग की ओर से आपत्तियां सामने आईं। बताया गया कि पदों की संख्या के हिसाब से प्रस्ताव सही था, लेकिन 2 जुलाई 2019 के बाद नए आरक्षण रोस्टर के प्रावधानों के तहत अब नए सिरे से रोस्टर तय करना जरूरी है। इसी वजह से मौजूदा भर्ती को निरस्त करने की स्थिति बनी है।

जीएमसी का स्थापना दिवस आज

एलुमनाई एसोसिएशन ने मेडिकल छात्रों के लिए समर्पित किया फूटसल स्पोर्ट्स एरीना

भोपाल। राजधानी स्थित गांधी मेडिकल कालेज के स्थापना दिवस पर आज एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा लगभग 35 लाख की लागत से निर्मित आधुनिक फूटसल स्पोर्ट्स एरीना गांधी मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांसद आलोक शर्मा तथा डीन डॉ. कविता सिंह सहित वरिष्ठ चिकित्सक, पूर्व छात्र एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

प्रदेश के 23 जिले नल जल कवरेज में पिछड़े

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

मध्य प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत 77.21 प्रतिशत परिवारों तक नल का पानी पहुंचने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, जिला स्तर के आधिकारिक आंकड़ों में कई जिलों की स्थिति इससे काफी अलग दिखाई देती है। प्रदेश के 55 जिलों में से 23 जिलों में नल जल कवरेज 70 प्रतिशत से कम है। इनमें 8 जिले ऐसे हैं, जहां आधे से ज्यादा परिवार अभी भी घरेलू नल जल कनेक्शन से वंचित हैं। मऊगंज में सबसे कम 49.86त्न परिवारों तक नल जल पहुंचा है, जबकि मैहर में यह आंकड़ा सिर्फ 40.20 प्रतिशत है।

सीहोर में 56.95प्रतिशत परिवारों तक ही नल जल पहुंचा है, यानी करीब 43प्रतिशत परिवार अभी इस सुविधा से वंचित हैं, वहीं विदिशा में नल जल कवरेज 66.67त्न है। यहां करीब 33त्न परिवारों तक अभी घरेलू नल जल कनेक्शन नहीं पहुंचा है। प्रदेश के 23 जिले ऐसे हैं, जहां नल जल कवरेज 70प्रतिशत से कम है। इनमें मऊगंज, अशोकनगर, पन्ना, सतना, अलीराजपुर, छतरपुर, सिंगरौली और मैहर के अलावा जबलपुर, बड़वानी, डिंडोरी, टीकमगढ़, रतलाम, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, गुना, नीमच, रीवा, शिवपुरी और सीधी शामिल हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के मुताबिक, कम कवरेज वाले ज्यादातर जिले बहु-ग्राम जल योजनाओं और थोक जल आपूर्ति परियोजनाओं पर निर्भर हैं। इनमें से कई परियोजनाएं अभी निर्माण, कार्यान्वयन या पूर्णता के अलग-अलग चरणों में हैं। विभाग का कहना है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद संबंधित जिलों में नल जल कवरेज बढ़ने की उम्मीद है। प्रदेश में जल गुणवत्ता की जांच के लिए कुल 155 प्रयोगशालाएं संचालित हैं।

विदेशियों के लिए भोपाल आना हुआ आसान राजा भोज एयरपोर्ट बना ई-वीजा एंट्री प्वाइंट

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल अब विदेशी पर्यटकों और यात्रियों के लिए और अधिक सुलभ हो गई है। केंद्र सरकार ने देश में ई-वीजा धारकों के लिए 11 नए अंतरराष्ट्रीय प्रवेश बिंदु अधिसूचित किए हैं, जिनमें भोपाल का राजा भोज एयरपोर्ट भी शामिल है। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश के तिरुपति एयरपोर्ट को भी ई-वीजा प्रवेश के लिए जोड़ा गया है। केंद्र के इस विस्तार के बाद भारत में ई-वीजा धारकों के लिए अधिकृत प्रवेश बिंदुओं की संख्या बढ़कर 88 हो गई है। इनमें 37 एयरपोर्ट, 38 समुद्री बंदरगाह और 13 लैंड पोर्ट शामिल हैं। नौ नए लैंड पोर्ट भी सूची में जोड़े गए हैं, जिनमें अटारी, मोरेह, डावकी, जयगांव, हरिदासपुर, गेड़े, गोजादांगा, अगरतला और दर्राग शामिल हैं।

172 देशों के नागरिक उठा सकेंगे लाभ- भारत की ई-वीजा सुविधा अब 172 देशों के नागरिकों के लिए उपलब्ध है। सरकार के अनुसार ई-वीजा व्यवस्था का विस्तार विदेशी यात्रियों के लिए भारत में प्रवेश को अधिक सुविधाजनक बनाने और वीजा प्रक्रिया को सरल करने की दिशा में किया गया है।

तिजोरी तोड़कर दिया वारदात को अंजाम

कजलीखेड़ा में कारोबारी के घर लाखों की चोरी

सच प्रतिनिधि || भोपाल||

कजलीखेड़ा इलाके में बदमाशों ने कारोबारी के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। इसमें नगदी और जेवर शामिल हैं। इस वारदात के बाद से पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार फरियादी आनंद प्रजापति गेहूंखेड़ा इलाके में रहते हैं। वे निर्माणाधीन मकानों के लिए मटेरियल सप्लाई का कारोबार करते हैं। उनका एक घर हर्षवर्धन नगर में भी है। पिता के निधन के बाद वहां पर मां अकेली रहती हैं। उनकी देखभाल के लिए आनंद उस घर में जाते रहते हैं। गत 7 अगस्त को वे परिवार को लेकर हर्षवर्धन नगर स्थित घर में चले गए थे। रात में वह वहीं रुक गए। इसी रात में बदमाश उनके सूने घर में घुस गए। बदमाशों ने मकान का ताला तोड़ा और अंदर दाखिल हो गए। घर में रखे हुए सामान की तलाशी लेने के बाद बेडरूम में रखी तिजोरी को तोड़ा और उसमें रखे जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। अगले दिन पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने आनंद को फोन कर मकान का ताला टूटे होने की जानकारी दी। इसके बाद वह घर पहुंचे तो चोरी का पता चला। पुलिस ने आनंद की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन एफआईआर में चोरी गए सामान की कीमत दर्ज नहीं की है। पुलिस का कहना है कि फरियादी ने चोरी गए सामान की सूची उपलब्ध नहीं करवाई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात बदमाश उनके घर से जेवर व नगदी समेत करीब 50 लाख रुपए का सामान लेकर चंपत हुए हैं। इस दौरान बदमाश सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर को भी अपने साथ ले गए। कजलीखेड़ा थानाक्षेत्र में पिछले दिनों अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। बदमाश रात्रि गश्त के दावों की पोल खोलते हुए वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

अहिल्याबाई की प्रतिमा का अनावरण आज

भोपाल । सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग आज सायं छह बजे बजे लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति एवं गौरव को समर्पित प्रतिमा का अनावरण करेंगे। प्रतिमा का अनावरण चेतक ब्रिज के ऊपर, कस्तूरबा नगर साइड, भोपाल में आयोजित समारोह में किया जाएगा। यह आयोजन देवी अहिल्या क्षत्रिय धनगर सेवा संघ, भोपाल एवं लोकमाता अहिल्याबाई त्रिशताब्दी आयोजन समिति, भोपाल द्वारा किया जा रहा है।

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास में सुशासन, न्याय, सेवा, धर्म-संस्कृति संरक्षण और जनकल्याण की प्रेरणास्रोत के रूप में प्रतिष्ठित हैं। उनका जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवेदनशील शासन और लोकसेवा की भावना का अनुपम उदाहरण है। उनकी स्मृति में स्थापित यह प्रतिमा उनके आदर्शों, त्याग और जनसेवा के प्रति सम्मान का प्रतीक होगी।

विभाजन की विभीषका पर आधारित सिंधी नाटक 'रेत का किला' का मंचन आज

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

विभाजन विभीषिका दिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी स्थित नंदवानी भवन, संत हिरदाराम नगर में आज शाम सिंधी नाटक वारीअ संदो कोटु (रेत का किला) का मंचन किया जा रहा है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत संस्था राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद ,नई दिल्ली (की ओर से सिंधु दर्पण नाट्य संस्था यह नाटक निर्देशक श्रीमती कविता इसरानी के निर्देशन में कर रही है। यह नाटक साहित्य अकादमी सम्मानित लेखक श्री लखमी खिलानी की अमर रचना है। आप 90 वर्ष के हैं और इन दिनों बैंगलोर में निवास कर रहे हैं।

नाटक में बताया गया है कि15 अगसॅत, 1947 को भारत आजाद हुआ। तिरंगा लहराया गया। जश न मनाया परंतु 14 अगस्त, 1947 की रात भारत देश के विभाजन के साथ दिलों का भी बंटवारा हो गया। विभाजन की विभीषिका से सबसे अधिक कोई प्रभावित हुआ तो वह सिंधी समाज था। सनातन संस्कृति में विश्वास रखने वाले समाज बंधुओं को धर्म रक्षा की खातिर अपनी जमीन, अपने मकान, अपना व यापार सब कुछ छोडकर एक अनजानी सी मंजिल की ओर रवाना होना पड़ गया। विभाजन के इस दर्द को सिंधी समाज भुला नहीं पाया है। सिंधी समाज ने इस दर्द के बीच अपना हौसला एवं हिममत नहीं छोडी और कठोर मेहनत, ईमानदारी और जज्बे से भारत में एक गौरवशाली मुकाम हासिल किया। राष्ट्र की अर्थ व्यवस्था को भी ताकत दी। आज सिंधी समाज परमार्थी समाज के रूप में जाना पहचाना जाता है। नाटक में युवाओं द्वारा आधुनिक जीवन शैली अपनाने और पारंपरिक मूल्यों की उपेक्षा के बारे में भी एक सार्थक संदेश दिया गया है। कहानी में यह संदेश ऐसा घुलमिल जाता है कि देखने वाले युवा वर्ग को मनोरंजन भी मिल जाता है और संदेश भी पहुंच जाता है। इस नाटक के बीस से अधिक शो मध्य प्रदेश और देश में हो चुके हैं।

अगले चार दिन और बिगड़ेगा मौसम, कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश में मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। प्रदेश के कई हिस्सों में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। कहीं मूसलाधार बारिश हो रही है तो कहीं हल्की और मध्यम बारिश दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के आसपास बने मौसम प्रणालियों और लो प्रेशर एरिया के प्रभाव से अगले चार-पांच दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने गुरुवार को भी प्रदेश के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। लगातार हो रही बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। प्रशासन को संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क रहने की जरूरत है। राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई हिस्सों में झमाझम बारिश हुई। खरगोन में पिछले 36 घंटे के दौरान करीब साढ़े नौ इंच बारिश दर्ज की गई, जबकि खंडवा में सवा छह इंच बारिश रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग के अनुसार इस समय उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश और उसके आसपास के क्षेत्रों में लो प्रेशर एरिया बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मानसून की गतिविधियां तेज हुई हैं और आने वाले दिनों में भी कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम की सक्रियता को देखते हुए लोगों को नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। प्रशासन और स्थानीय निकायों को भी संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

भोपाल में मिसरोद रेल फाटक 4 दिन रहेगा बंद

भोपाल। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में मिसरोद स्टेशन के पास स्थित समपार फाटक क्रमांक-246 को रेल ट्रैक के रखरखाव एवं मेंटेनेंस कार्य के चलते चार दिनों के लिए बंद किया गया है। रेलवे के अनुसार फाटक 13 अगस्त से 16 अगस्त 2026 तक बंद रहेगा। इस दौरान फाटक से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह

बंद रहेगी। रेलवे प्रशासन ने स्थानीय लोगों और वाहन चालकों से अपील की है कि फाटक बंद रहने की अवधि में परेशानी से बचने के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

इन रास्तों से कर सकेंगे आवागमन

फाटक बंद रहने के दौरान वाहन चालक मिसरोद स्थित एलएचएस, बावड़िया कलां रोड ओवरब्रिज/अंडरपास तथा अहमचपुर स्थित रोड ओवरब्रिज/अंडरपास का इस्तेमाल कर सकेंगे। रेलवे प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि मेंटेनेंस कार्य पूरा होने तक बंद फाटक से आवागमन का प्रयास न करें और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें। रेल ट्रैक के रखरखाव का कार्य पूरा होने के बाद फाटक से यातायात सामान्य किए जाने की जानकारी रेलवे द्वारा दी जाएगी।

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION AFFORDABLE FEES A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED अतिम अवसर
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660948, 2661064 www.jnchpl.com jnpgcollege.bhopal@yahoo.com

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
भरसक उत्कृष्ट विद्यार्थियों का संकुल
UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/ Computer/Hon'S 4 Years)
PG COURSE
M.A. HINDI, ENGLISH, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed : BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आदिवा मौल के पास, भोपाल
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

प्रकाशक सिकंदर अहमद, प्लॉट नं. 192, एबीएन टॉवर, जोन-1, एम.पी. नगर भोपाल-462011 की ओर से सच मीडिया पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा संपादित, संपादक सिकंदर अहमद और श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल, 462023 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सलाहकार सम्पादक : अशोक तरंगी। समाचार संपादक : चरण सिंह तौहान * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। आर.एन.आई. रजि. MPHIN/2012/42117, डाक पंजीयन म.प्र./भोपाल/4-460/2024-26, Mail-ID sachexpress013@gmail.com फोन नं. :- 0755-4212853